# स्टॉक मार्केट

# AVOID COMMAN MISTAKE IN INVESTING

---------------By SMART GROWTHX---------------

SMART GROWTHX

# © Copyright

© Copyright SMART GROWTHX

All rights reserved. No portion of this ebook may be reproduced & Resell in any form without permission from the publisher & Writer, except as permitted by U.S. copyright law.

**We have full copyright of our book, do not try to resell it, if we find that someone is reselling our book, we will take right action against him.**

# Disclaimer

This is only for Educational Purpose. we are not SEBI registered advisor and we are not responsible for any kind of loss/gain made by any individual /Group.

The most important thing to remember while using Candlestick chart patterns as a part of your Technical analysis, is that they are not a guarantee that a Market will move in that perfect direction they are merely an indication of What might Happen to an Asset's price. The Chart Patterns are only for representation they may change according to market condition. ALL Rights Reserved

Note : यह ईबुक शैक्षिक उद्देश्यों के लिए है और शेयर बाजार में निवेश करने से पहले अपने वित्तीय सलाहकार (Financial Advisor ) से सलाह अवश्य लें ।

SMART GROWTHX

# 1. सही डिमैट अकाउंट चुने

हर नए निवेशक को शेयर बाजार में निवेश करने का सबसे पहला कदम डिमैट अकाउंट खुलवाना होता है लेकिन कई बार कुछ नए लोग भरोसेमंद डिमैट अकाउंट की बजाए ऐसी कंपनियों के डिमैट अकाउंट खुलवा लेते हैं जिससे उन्हें बाद में काफी समस्याएं फेस करनी पड़ती है जैसे कस्टमर सपोर्ट सही नहीं मिलना, छुपे हुए टैक्स और चार्ज कट जाना, बैंक अकाउंट से पैसे ऐड या फिर withdraw करते समय error आना..

SMART GROWTHX

ऐसी दिक्कतें अक्सर तभी आती है जब आप किसी गलत डिमैट अकाउंट का चुनाव कर लेते हैं इसीलिए हमेशा शेयर बाजार में शुरुआत करते वक्त कुछ भरोसेमंद ब्रोकर जैसे— (जीरोधा, upstox, एंजल ब्रोकिंग आदि) के साथ ही अपना डिमैट अकाउंट खोलें।

Copyright © SMART GROWTHX

## 2.खुद से रिसर्च करके शेयर खरीदना चाहिए

कुछ लोग सिर्फ दूसरों की बातें सुनकर या टीवी और न्यूज़ चैनल्स पर किसी एक्सपर्ट की सलाह सुनकर शेयर खरीद लेते हैं क्योंकि उन्हें बताया जाता है कि आगे चलकर उस शेयर का दाम पड़ने वाला है।
जबकि सच्चाई अगर देखें तो ऐसा बहुत बार नहीं होता है कई बार तो इसका बिल्कुल उल्टा होता है।
लेकिन फिर ये सब लोग ऐसे शेयर खरीदने की सलाह क्यों देते हैं जिसमें लोगों का नुकसान होता है।
देखिए ऐसा हर बार नहीं होता है हो सकता है कि आपको एक्सपर्ट के बताए गए शेयर पर कुछ टाइम के लिए फायदा हो जाए लेकिन फिर भी आपको खुद से रिसर्च करना सीखना होगा तभी आप एक सफल निवेशक बन सकते हैं।
आपको फंडामेंटल और टेक्निकल रिसर्च का थोड़ा बहुत ज्ञान होना जरूरी है। अगर आप स्टॉक मार्केट में एक सफल निवेशक बनना चाहते हैं तो आपको शेयर का फंडामेंटल एनालिसिस करना सीखना चाहिए

SMART GROWTHX

Copyright © SMART GROWTHX

**एक बात गांठ बांध लीजिए: आज तक शेयर बाजार में अगर कोई करोड़पति बना है या जो भी अमीर बना है और जिसने अच्छा पैसा कमाया है तो उसने पहले शेयर बाजार को सीखा है और फिर निवेश किया है चाहे वह राकेश झुनझुनवाला हों, राधाकृष्ण दमानी हो या फिर कोई भी हो।**

## 3. कंपनी का बिजनेस समझने की कोशिश करें

SMART GROWTHX

अगर आपको कंपनी का बिजनेस समझ आता है तो आप शेयर के प्राइस में होने वाली मूवमेंट से कभी भी घबराएंगे नहीं. आपको पता होना चाहिए कि कंपनी कौन सा प्रोडक्ट या सर्विस बेचती है जिससे वह पैसा कमाती है।

Copyright © SMART GROWTHX

उदाहरण के लिए: अगर आपने nestle कंपनी में निवेश किया है तो आपको पता होना चाहिए कि—

- ये कंपनी कौन कौन से प्रोडक्ट बेचती है,
- सबसे ज्यादा पैसा कौन से प्रोडक्ट से कमाती है,
- कहीं ऐसा तो नहीं है कि कंपनी का सारा रिवेन्यू सिर्फ एक ही प्रोडक्ट पर निर्भर है,
- क्या सरकार का उस कंपनी पर कोई दबाव है जिसके चलते कंपनी के बिजनेस पर असर पड़ सकता है

तो आपको इन सभी बातों का पता होना चाहिए और हर सफर निवेशक इन सभी सवालों की जांच पड़ताल सबसे पहले करता है उसके बाद ही वह किसी कंपनी में निवेश करता है।

**एक लाइन में कहें तो— आपको सफल निवेशक बनने के लिए एक अच्छा बिजनेसमैन बनना पड़ेगा.**

Copyright © SMART GROWTHX

# 4. वार्षिक रिपोर्ट पढ़ें

वार्षिक रिपोर्ट पढ़ना इसलिए जरूरी है क्योंकि आपको इसे पढ़ने से पता चलता है कि—

- कंपनी क्या करती है,
- कंपनी का बिजनेस मॉडल क्या है,
- कंपनी का मैनेजमेंट अपनी कंपनी के बारे में क्या सोचता है,
- इसकी हिस्ट्री क्या रही है,
- कौन-कौन सी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है,
- कंपनी को सेल्स और प्रॉफिट कमाने में कौन-कौन सी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है
- और भविष्य में कौन-कौन सी योजनाओं पर कंपनी काम करने वाली है...

इन सभी बातों का जिक्र कंपनी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में विस्तार से करती हैं इसलिए आपको उस कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट जरूर पढ़नी चाहिए जिसके शेयर में आप निवेश कर रहे हैं।

SMART GROWTHX

Copyright © SMART GROWTHX

# 5. सुनिश्चित करें कि कंपनी का नेट प्रॉफिट साल दर साल बढ़ना चाहिए

कंपनी का नेट प्रॉफिट ही उसकी ग्रोथ को दर्शाता है और जिस कंपनी का नेट प्रॉफिट साल दर साल बढ़ रहा होता है तो आपको ऐसी कंपनियों के शेयर में ही निवेश करना चाहिए।

आपको ध्यान रखना चाहिए कि जो मुनाफा कंपनी ने कमाया है वह इस वजह से आया है मतलब कहीं ऐसा तो नहीं है कि कंपनी ने अपना कोई बड़ा एसेट बेच दिया हो जिसकी वजह से अचानक से कंपनी का मुनाफा उस साल बढ़ा हुआ दिखा रहा हो,

लेकिन आप यह कैसे पता करेंगे कि कंपनी ने सच में बिजनेस से पैसा कमाया है या फिर कोई एसेट बेचकर....

यह पता करने के लिए आपको कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट या इनकम स्टेटमेंट पढ़ना होगा जिसमें कंपनी के सेल्स और प्रॉफिट से संबंधित सभी जानकारियों के बारे में विस्तार से बताया गया होता है।

SMART GROWTHX

Copyright © SMART GROWTHX

# 6. कंपनी पर ज्यादा कर्ज नहीं होना चाहिए

डेट या लोन किसी भी कंपनी में निवेश करने से पहले हर एक निवेशक को देखना चाहिए। क्योंकि ज्यादातर कंपनियां ज्यादा कर्ज लेने की वजह से ही bankrupt या दिवालिया हो जाती हैं क्योंकि वह कर्ज की भरपाई नहीं कर पाते हैं।

इसीलिए जब भी कंपनी की बैलेंस शीट चेक करें तो उसके Assets के अलावा Liabilities जरूर देखें चाहे वह शॉर्ट टर्म हो या लोंग टर्म।

SMART GROWTHX

Copyright © SMART GROWTHX

# 7. कंपनी का कैश फ्लो पॉजिटिव होना चाहिए

कैश फ्लो का मतलब होता है कंपनी में कितना पैसा आ रहा है और कितना जा रहा है। कुछ लोग सिर्फ इनकम स्टेटमेंट को देखकर ही शेयर खरीदने का निर्णय ले लेते हैं जो कि कंपनी की पूरी पिक्चर नहीं दिखाता है क्योंकि उसमें यह नहीं लिखा रहता है कि कंपनी ने उधार सामान बेचा है है या नगद।

इसे पता करने के लिए आपको कैश फ्लो स्टेटमेंट देखना पड़ता है जिसमें अगर माल नगद बेचा है तो कैश फ्लो पॉजिटिव होगा और अगर उधार बेचा है तो नेगेटिव होगा। ध्यान रखें कि कैश फ्लो स्टेटमेंट नेगेटिव नहीं होना चाहिए।

SMART GROWTHX

Copyright © SMART GROWTHX

# 8. पोर्टफोलियो को डायवर्सिफाई करें

पोर्टफोलियो को डायवर्सिफाई करने का मतलब है आप जब शेयर खरीदते हैं तो कभी भी सिर्फ एक ही इंडस्ट्री के शेयरों में पूरा पैसा निवेश नहीं करना चाहिए।

# 9. कभी भी स्टॉक मार्केट में पूरा पैसा निवेश ना करें

मैंने कुछ लोगों को देखा है जो अपना पूरा पैसा स्टॉक मार्केट में सिर्फ इसीलिए लगा देते हैं क्योंकि वह दूसरों की सुनी सुनाई बातों पर बहुत ज्यादा विश्वास कर लेते हैं और अपने किसी दोस्त या रिश्तेदार के कहने पर सिर्फ इसीलिए पैसा लगा देते हैं क्योंकि उसका पैसा डबल हो गया था।

- यहां तक कि कुछ लोग तो ऐसे हैं जो लोन लेकर भी स्टॉक मार्केट में पैसा लगाते हैं और ऐसे ही लोग शेयर बाजार से कंगाल हो जाते हैं।

Copyright © SMART GROWTHX

# 9. निवेश करने से पहले इन उपयोगी वेबसाइट के जरिए शेयर की जांच करें

जिन लोगों को पता नहीं है किसी और की एनालिसिस कैसे करते हैं और स्टॉक की रिसर्च कैसे की जाती है तो मैं आपको screener.in वेबसाइट के बारे में बताना चाहूंगा। किसी भी शेयर का नाम डालकर सर्च करेंगे तो आपको उस शेयर से रिलेटेड महत्वपूर्ण जानकारी जैसे कंपनी का बिजनेस, sales, प्रॉफिट, PE ratio, इनकम स्टेटमेंट, प्रॉफिट मार्जिन, कंपटीशन और इसके अलावा भी बहुत सारी चीजों के बारे में पता चल जाएगा. इसके अलावा आप मनीकंट्रोल जैसी पॉपुलर वेबसाइट पर भी स्टॉक्स के बारे में न्यूज़ और रिसर्च कर सकते हैं। अगर आपको इन वेबसाइट के जरिए विस्तार से शेयर की रिसर्च करने के बारे में पोस्ट चाहिए तो आप मुझे कमेंट बॉक्स में बता सकते हैं।

SMART GROWTHX

Copyright © SMART GROWTHX

# 10. ट्रेंड को देखकर निवेश करें

इस तरीके से लोग सबसे जल्दी पैसा कमाते हैं जैसे आजकल इलेक्ट्रिक वाहनों का चालान काफी चल गया है तो आपको इलेक्ट्रिक वाहनों वाले स्टॉक्स में निवेश करना चाहिए।

इसके अलावा ब्लॉकचेन, NFT और मेटावर्स (वर्चुअल रियलिटी की दुनिया) जैसी टेक्नोलॉजी को फ्यूचर बताया जा रहा है तो अगर आप ऐसी ऐसी कंपनी में निवेश कर देते हैं जो इस प्रकार की टेक्नोलॉजी पर काम कर रही हैं तो भविष्य में आप अच्छा खासा पैसा कमा सकते हैं। मतलब ऐसी कंपनियों में निवेश करें जिसका ट्रेंड भविष्य में आने वाला है या जिसकी डिमांड बढ़ने वाली है।

SMART GROWTHX

Copyright © SMART GROWTHX

# 11. हमेशा सेक्टर की लीडर कंपनी का शेयर खरीदे

आप किसी कंपनी का शेयर खरीदा तो हमेशा कोशिश करें कि वह कंपनी जिस इंडस्ट्री या जिस सेक्टर में काम कर रही है सेक्टर का सबसे ज्यादा मार्केट शेयर आपकी कंपनी के पास हो लीडर कंपनी से मतलब है मोनोपोली कंपनी।

कुछ मोनोपोली शेयर के उदाहरण हैं— एशियन पेंट, pidilite, IRCTC, Dmart, Dixon Technology, IEX, Muthoot Finance आदि.

SMART GROWTHX

Copyright © SMART GROWTHX

SMART GROWTHX